पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २
मजूमदार लाइन्स वायु सेना स्थल
अम्बाला छावनी 133001 (हरियाणा)
शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार के अधीनस्वायत्त संस्था
P.M. SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.2
MAJUMDAR LINES (A.F.S)
AMBALA CANTT-133001 (HARYANA)
AN AUTONOMOUS BODY UNDER THE MINISTRY OF EDUCATION
(GOVERNMENT OF INDIA)

दूरभाष/Phone : 0171-2600392,2640935 *Website*: https://no2ambalacantt.kvs.ac.in *E.Mail* :kv2amb@gmail.com
K.V. Code: 1291 **Station Code**: 170 **CBSE Affiliation. No**. 500002 **UDISE Code**: 6020202904

सन्दर्भ : फा० /कें वि 2/अम्बाला छावनी /2023-24/ **दिनांक : 23.10.2024**

विषय -पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, अंबाला छावनी के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, झंझेरी में आयोजित प्रौद्योगिकी उत्सव में भाग लिया और किया शैक्षिक भ्रमण।

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, अंबाला छावनी के कक्षा 11 तथा 12 वीं के विद्यार्थियों ने वर्तमान में चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस (CGCJ), झंझेरी में आयोजित प्रौद्योगिकी उत्सव में भाग लिया और कॉलेज परिसर का शैक्षिक भ्रमण किया। इस आयोजन में देशभर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से तकनीकी, गैर तकनीकी तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रौद्योगिकी उत्सव में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रोजेक्ट डिसप्ले, ड्रोन, रोबोटिक्स, लोगो निर्माण और ऐप डेवलपमेंट में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के 11वीं कक्षा के विद्यार्थी कर्ण साह ने थिंकथोन प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ड्रोन प्रदर्शनी में छात्र की प्रतिभा ने निर्णायकों को प्रभावित किया।

विद्यार्थियों ने उत्सव के दौरान कार्यशालाओं और व्याख्यानों में भी भाग लिया, जिसमें उन्हें विशेषज्ञों से नवीनतम तकनीकी विकासों के बारे में जानने का अवसर मिला। इन सत्रों से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिला, जो उनकी शैक्षिक और व्यावसायिक यात्रा में सहायक होगा।

प्रतियोगिताओं के बाद, विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के विभिन्न शैक्षणिक और तकनीकी विभागों का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान उन्हें कॉलेज की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, और शोध केंद्रों के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने प्रोफेसरों और शोधकर्ताओं से बातचीत कर अपने भविष्य की शिक्षा और करियर की दिशा में महत्वपूर्ण सलाह प्राप्त की।

विद्यालय के प्राचार्य श्री हरिन्द्र सिंह लाम्बा ने इस शैक्षिक यात्रा की सराहना करते हुए कहा, "इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने से छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान मिलता है, बल्कि वे व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करते हैं। इस भ्रमण से उनकी समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।"

छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया, और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की।

A New Era of Creativity Awaits: Step Into
2024
ext-Gen Tech
on Transforms
scover a World